PRINTED MATTER

स्थापित : 13 अप्रेल 1987

RNI NO. : RAJHIN/2002/9625

# शहीद जगत

राष्ट्रीय भावना एवं सामाजिक जनचेतना जागृत करने वाली हिन्दी मासिक पत्रिका

वर्ष 15 अंक : 6 | कोटा, 15 जून 2018 | पृष्ठ : 4 | मूल्य 2 रूपये

# अंधविश्वास, पाखण्ड फैलाने वाले लोगों पर आर्य समाज ने की सख्त कार्यवाही की मांग

## जिले के अस्पतालों में टोने–टोटके करनों वालों के विरोध में आर्य समाज ने दिया ज्ञापन

कोटा। जिले के प्रमुख सरकारी अस्पतालों ने आत्मा ले जानें के नाम पर होने वाले टोने-टोटके एवं तंत्र-मंत्र को रोकने तथा ऐसे लोगों के खिलाफसख्त कार्यवाही करने की मांग का लेकर आर्य समाज ने जिला कलेक्टर महोदय कोटा को ज्ञापन सौंपा।

आर्य समाज के जिला प्रधान अर्जुनदेव चड्ढा के नेतृत्व में वैदिक विद्वान आचार्य अग्निमित्र शास्त्री, डॉ. वेद प्रकाश गुप्ता चैयरमेन क्रृष्णा ब्लड बैंक, प्रेमनाथ कौषल आर्य समाज भीमगंजमण्डी, आर्य समाज रामपुरा के उपमंत्री प्रभुसिंह कुषवाह, आर्य समाज तलवण्डी से वैदमित्र वैदिक ने जिला कलेक्टर कोटा षहर से मिलकर ऐसे अंधविष्वास, पाखण्ड एवं तंत्र-मंत्र को बढावा देने वाले तांत्रिकों, भोपों तथा इस प्रर्था के कृत्य में शमिल लोगों के खिलाफकानूनी कार्यवाही करने की मांग की।



कोटा के प्रमुख समाचार पत्रों में कई बार प्रकाषित खबरों कौ आधार बनाकर आर्य समाज ने इस प्रकार के कृत्य के समय मौजूद चिकित्साकर्मियों एवं सुरक्षाकर्मियों के उदासीन व्यवहार को अंधविश्वांस निरोध कानून का खुला उल्लंघन मान भविष्य के लिए पाबंद करने की मांग की है।

इस अवसर पर आर्य समाज ने जिला कॅलेक्टर महोदय से नगर के एमबीएस हॉस्पिटल, जेके लॉन तथा मेडिकल कॉलेज में इस प्रकार के कार्य रोकने के लिए चेतावनी बोर्ड लगाने का निवेदन किया।

ज्ञार्पन देने के इस अवसर पर आर्य समाज जिला सभा प्रधान अर्जुनदेव चड्ढा ने बताया कि वर्ष 2018 को सार्वदेषिक प्रतिनिधि सभा द्वारा अंधविष्वास निवारण वर्श के रूप में मनाया जा रहा है। वर्श के दौरान आर्य समाज द्वारा अंधविष्वास एवं पाखण्ड के विरोध में अनेक जनजागृति कार्यक्रम संचालिज किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर गौरव गोयल ने आष्वस्त किया कि जो भी हो प्रषासन उसके विरूद्ध उचित कार्यवाही करेगा। आप लोग भी आर्य समाज के माध्यम से अंधविष्वास के विरूद्ध लोगों को जागरूक करें।

# ईश्वर का सही रूप न जान पाना ही पाखंडों का आधार–शोभाराम आर्य

कोटा। आर्य समाज भीमगंजमंडी के साप्ताहिक सत्संग में डी.ए.वी. कोटा के धर्मषिक्षक षोभाराम आर्य ने अपने उद्बोधन में ईश्वर के मुख्य नाम ओम् पर चर्चा की। वेद, उपनिशद् आदि धार्मिक ग्रंथों के उद्धरण देते हुए ईष्वर का मुख्य नाम 'ओम्' बताया गया। अ, उ, म इन तीन वर्णो एवं अव धातु से ओम् षब्द सिद्ध होता है। ईष्वर वर्णो में 'अ' की तरह है जो सभी वर्णो में होता है पर नजर आता नही। जबकि सभी वर्ण 'अ' से ही पूर्णता को प्राप्त होते हैं। ऐसे ही परमात्मा ने सर्व संसार को बनाया है और अपने आप को छिपाया है। वह सबका आधार है फिर भी निराकार है। जनसामान्य की समस्या यह है कि वह वेद आधारित इस ज्ञान से प्रतिकूल जाकर अन्य बातों पर विष्वास करता है अत: वह पाखंडों का षिकार बन जाता है। सभी पाखण्डों से बचने का एक ही मार्ग है वह है



ईष्वर के सही रूप का ज्ञान।

इस कार्यक्रम में आर्य समाज जिला कोटा की तरफ से आर्य समाज भीमगंजमण्डी के नवनिर्वाचित प्रधान गिर्राज सिंह चौधरी, मंत्री देवेन्द्र सक्सेना एवं कोशाध्यक्ष मनोज गुप्ता तथा पूर्व प्रधान प्रेमनाथ कौषल को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जिला प्रधान अर्जुनदेव चड्ढा ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि यह कार्यकारिणी पूर्व की भांति जिला सभा के रचनात्मक कार्यो में सहयोग प्रदान करती रहेगी तथा महर्शि दयानंद के मिषन को जनजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभायेगी। इस कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व प्रधान प्रेमनाथ कौषल के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में आर्यसमाज भीमगंजमंडी के सभासदों के साथ महावीर नगर आर्यसमाज के प्रधान आर.सी. आर्य, अमन चड्ढा, तथा अन्य जन उपस्थित थे।

# पंजाबी समाज ने सेंट्रल जेल में ठंडे पानी के लिए किए मटके-भेंट

## गर्मियों में ठंडा पानी पिलाना भारतीय संस्कृति का हिस्सा–आचार्य अग्निमित्र शास्त्री

कोटा। गर्मियों में ठंडा पानी पिलाना भारतीय संस्कृति का ही एक हिस्सा है। नि:स्वार्थ मानव कल्याण की उदान्त भावना निहित है। उक्त विचार वैदिक विद्वान आचार्य अग्निमित्र षास्त्री ने जेल में आयोजित मटके भेंट के अवसर पर व्यक्त किए।

उन्होनें कहा कि वैदिक सिद्धांतों में षरहित सरस धर्म नहीं भाई के श्रेश्ततम विचार समाहित हैं जो सभी के लिए अनुकरणीय हैं।

इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए पंजाबी समाज समिति कोटा के अध्यक्ष दर्षन पिपलानी ने बताया कि कैदी भाईयों के लिए भीशण गर्मी को देखते हुए समिति द्वारा जेल अधीक्षक सुधीर कुमार पुनिया जी की उपस्थिति में 50 से अधिक मिट्टी के मटके प्रदान किए गए। कार्यक्रम के संयोजक अर्जुनदेव चड्ढा ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि हमारे ग्रंथों में परोपकार को सर्वश्रेश्ठ बताया गया है। नदी अपना जल स्वयं नहीं पीती है, पेड स्वयं अपने फल नहीं खाते हैं, इसी प्रकार जरूरतमंद की सेवा में सदैव तत्पर रहना ही मानव जीवन का लक्ष्य होना चाहिए।

मटके भेंट के अवसर पर जेल अधीक्षक सुधीर कुमार पूनिया ने कहा कि इस भीशण गर्मी में बंदी भाईयों के लिए ठण्डे पानी की व्यवस्था नर सेवा नारायण सेवा का कार्य है। इसके लिए धन्यवाद। पंजाबी समाज का हमेषा से इसी प्रकार से सहयोग मिलता रहता है।

समिति के मंत्री सार्गर पिपलानी ने उपस्थित जनों एवं जेल प्रषासन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति के दीपक अरोडा गिरधर झाम्ब, दीपक सेठी आदि उपस्थित रहे।

मासिक
# शहीद जगत
कोटा, 15 जून 2018

## सम्पादकीय

## बेहतर प्रशासन की खातिर

नौकरशाही को प्रभावी बनाने और उसमें नए तौर-तरीकों को समाहित करने के इरादे से संयुक्त सचिव पद के स्तर पर निजी क्षेत्र के दक्ष पेशेवर लोगों को नियुक्त करने का फैसला एक नई पहल है। एक अरसे से यह महसूस किया जा रहा था कि नौकरशाही में ऐसे प्रतिभाशाली पेशेवर लोगों का प्रवेश होना चाहिए जो अपने-अपने क्षेत्र में विशेष योग्यता के साथ अनुभव से भी लैस हों, लेकिन किसी कारणवश इस बारे में कोई फैसला नहीं लिया जा सका। देर से ही सही, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों के मेधावी एवं अनुभवी पेशेवर लोगों के आवेदन मांगकर एक नई शुरुआत की है। इसका निश्चित ही स्वागत किया जाना चाहिए। फिलहाल दस पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन देने वालों क लिए यह आवश्यक है कि वे निजी क्षेत्र या किसी सार्वजनिक उपक्रम अथवा शैक्षिक संस्थान में पेशेवर के तौर पर कार्यरत हों और कम से कम 15 वर्ष का अनुभव रखते हों। पात्रता की ऐसी शर्तों के चलते यह उम्मीद की जाती है कि सरकार वास्तव में मेधावी एवं अपने काम में दक्ष लोगों को खुद से जोड़ने में सक्षम होगी। उम्मीद यह भी की जाती है कि वे पेशेवर इस अवसर का लाभ उठाने के लिए आगे आएंगे, जिनके पास अनुभव के साथ-साथ विशेष योग्यता भी है और जो देश एवं समाज के लिए वास्तव में कुछ कर दिखाना चाहते हैं। ऐसे लोगों की भर्ती प्रक्रिया को भले ही पार्श्व प्रवेश की संज्ञा दी जा रही हो, लेकिन यह एक तरह से सीधी भर्ती ही होगी। इस पर हैरत नहीं कि संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी के तौर पर पेशेवर लोगों की भर्ती की इस पहल का यह कहते हुए विरोध किया जा रहा है कि सरकार तय प्रक्रिया का उल्लंघन कर रही है और वह पिछले दरवाजे से पसंदीदा लोगों को नौकरशाही में प्रवेश कराने का इरादा रखती है। यह स्पष्ट ही है कि ऐसे आलोचक इस तथ्य की जानबूझकर अनदेखी कर रहे हैं कि सरकार केवल पेशेवर एवं अनुभवी लोगों को ही संयुक्त सचिव स्तर पर नियुक्त करने जा रही है। यह सही है कि ये वे पेशेवर होंगे, जिन्होंने न तो सिविल सेवा परीक्षा दी होगी और न ही इस परीक्षा के बाद लिया जाने वाला प्रशिक्षण प्राप्त किया होगा, लेकिन सिर्फ वही मेधावी नहीं होते, जिन्होंने सिविल सेवा परीक्षा पास की होती है। देश में तमाम ऐसे पेशेवर हैं जिन्होंने आईएएस अधिकारियों से कहीं बेहतर काम कर दिखाया है। निस्संदेह आईएएस अधिकारियों की अपनी अहमियत है, किंतु यह कहना ठीक नहीं कि केवल वही देश की बेहतर तरीके से सेवा कर सकते हैं। चूंकि यह एक नया प्रयोग है इसलिए कुछ समय बाद ही यह पता चलेगा कि परिणाम अनुकूल रहे या प्रतिकूल? इस नए प्रयोग के परिणाम कुछ भी हों, लेकिन यह वक्त की मांग है कि शासन-प्रशासन में विषय विशेषज्ञ एवं अनुभवी लोगों की हिस्सेदारी बढ़े। आखिर जब शासन में ऐसे लोग भागीदार बन सकते हैं तो प्रशासन में क्यों नहीं बन सकते? यह नया प्रयोग इस जरूरत को भी रेखांकित कर रहा है कि मोदी सरकार को प्रशासनिक सुधार को अपने एजेंडे पर लेना चाहिए।

बेटी बचाव अभियान....




बेटी घर घर की किलकारी है।
एक नही दो घर की फुलवारी है।।

आर्य समाज
जिला आर्य प्रतिनिधि सभा, कोटा

# विश्व योग दिवस के लिए सघन संपर्क अभियान एवं संवाद कर रहे हैं योग प्रचारक

### सिर्फ एक मिस्ड कॉल कर करायें अंतर्राष्ट्रीय योग के लिए पंजीकरण

**कोटा।** चतुर्थ अंतर्राश्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में कोटा के लोगों की अधिकाधिक सहभागिता के लिए पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से पधारे योग प्रचारक एवं सेवावृद्धि कार्यकर्ता इन दिनों कोटा में सघन जनसंपर्क अभियान चला



रहे हैं साथ ही पतंजलि की महिला कार्यकर्ता बहनों द्वारा संपूर्ण नगर में संवाद कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके माध्यम से योग शिविर के लिए पंजीकरण का कार्य किया जा रहा है।



अभियान के प्रति कार्यकर्ता एवं प्रचारकों के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रचारकों एवं सेवाव्रतियों नें कोटा नगर में एक दिन में ही 4150 से अधिक लोगों का पंजीकरण किया।

इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए पतंजलि भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी अरविंद पाण्डेय ने बताया कि पंजीकरण के लिए गठित दल निर्धारित क्षेत्र के अनुसार घर, ऑफ्सि, विभिन्न संस्थानों एवं षहर के प्रमुख बाजारों में जाकर नगरवासियों से संपर्क कर रहे हैं तथा पूज्य स्वामी रामदेव जी के 19 जून से प्रारंभ हो रहे तीन दिवसीय नि:षुल्क योग एवं चिकित्सा षिविर के लिए पंजीकरण का कार्य कर रहे हैं।

**केनोपी बनी आकर्शण का केंद्र:** शहर में जनसंपर्क एवं पंजीकरण के लिए विभिन्न स्थानों पर आकर्शक केनोपी लगाई गई है जहां जाकर आमजन अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। पतंजलि जिला प्रभारी प्रदीप शर्मा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विवेक विष्वकर्मा के नेतृत्व में तीन दलों का गठन किया गया है जो शहर में विभिन्न स्थानों पर केनोपी लगाकर पंजीकरण का कार्य कर रहे हैं। कोटा नगर में संतोशी नगर, गोदावरी धाम, किशोर सागर तलाब, कुन्हाडी, बालिता रोड, दादाबाडी छोटा चौराहा, गणेष विहार, डीसीएम कंसुआ, एरोड्राम सर्किल, महावीर नगर थर्ड चौराहा एवं डिस्पेंसरी,




चौथमाता मंदिर टीचर्स कॉलोनी तथा गणेष उद्यान में केनोपी के माध्यम से पंजीकरण किया गया। शहर में अन्य स्थानों पर भी पंजीकरण हेतू केनोपी लगाई जाएगी।

**सिर्फएक मिस्ड कॉल देकर कराएं योग शिविर के लिए पंजीकरण:** जो लोग ऑनलाईन माध्यम से अपना पंजीकरण कराना चाहते हैं उनके लिए एक विषेश मिस्ड कॉल नंबर एवं ऑनलाईन लिंक जारी किया गया है। मुख्य मीडिया प्रभारी अग्निमित्र शास्त्री ने बताया कि ऑनलाईन रजिस्ट्रेषन के लिए 07446607788 पर मिस्ड कॉल कर पंजीकरण कराया जा सकता है। इसके द्वारा अभी तक 42000 से अधिक पंजीकरण कराये जा चुके हैं।

**मुख्य केंद्रीय प्रभारी डॉ जयदीप आर्य ने तहसीलों में जाकर दिए दिषा निर्देष:** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से पधारे भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के मुख्य केंद्रीय प्रभारी डॉ जयदीप आर्य ने अंता के ब्रह्मपुरी बालाजी मंदिर, सांगोद तहसील के काषीपुरी हिंदू धर्मषाला तथा कनवास के उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में अपने सघन जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यकर्ताओं को मार्गदर्षन प्रदान किया। इस बारे में जानकारी देते हुए भारत स्वाभिमान के जिला संयोजक विवेक गर्ग ने बताया कि डॉ जयदीप आर्य ने बस प्रभारियों को आवष्यक दिषा निर्देष प्रदान किए साथ ही पतंजलि द्वारा युवाओं को रोजगार के लिए आयोजित होने वाले युवा स्वाबलंबन षिविरों की जानकारी दी। ग्रामीण प्रभारी भागीरथ पुरूशार्थी एवं सत्यप्रकाष आर्य के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र के कायकर्ताओं, बस प्रभारियों, ग्राम समिति प्रभारियों ने बैठक में भाग लिया।

**14 जून गुरूवार को होगा सामूहिक प्रीतिभोज:** कार्यकर्ताओं में उत्साहवर्धन एवं शहर के आम लोगों की सहभागिता को बढाने के लिए 14 जून गुरूवार को आरएसी परेड ग्राउण्ड में सांयकाल सामूहिक प्रीतिभोज का आयोजन किया जा रहा है। इस बारे में महिला योग समिति की प्रभारी सुषीला कुर्मी ने बताया कि सामूहिक भोज के इस अवसर पर नगर के 500 से अधिक कार्यकर्ताओं के घर से भोजन संकलन किया जाएगा।

इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं योग प्रदर्षन के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# विश्व योग दिवस पर पतंजलि ने निकाली योग जागरण वाहन रैली

## पतंजलि युवा जनजागरण वाहन रैली ने शहर को दिया योग संदेश

**कोटा।** चतुर्थ अंतर्राश्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 19 जून से 21 जून तक पूज्य स्वामी रामदेवजी महाराज के तीन दिवसीय नि:षुल्क योग चिकित्सा षिविर से आमजन को जोडने के लिए 15 जून को पतंजलि योगपीठ के द्वारा विषाल युवा जनजागरण वाहन रैली निकाली गई। रैली के द्वारा षहर के आमजन को योग का संदेष दिया गया साथ ही लोगों का षिविर के लिए पंजीकरण भी किया गया। रैली का प्रारंभ आरएसी ग्राउंड से संगीत की सुर लहरियों के साथ हुआ। आरएसी के बैण्ड ने देषभक्ति की धुनों के तरानों के साथ कार्यकर्ताओं में जोष भरते हुए उमंग एवं उत्साह का माहौल बना दिया। रैली का षुभारंभ नगर विकास न्यास के चैयरमेन रामकुमार मेहता ने हरी झंडी दिखाकर किया।







इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए भारत स्वाभिमान के जिला संयोजक विवेक गर्ग ने बताया कि रेली में सबसे आगे एस्कॉर्ट कर रहे पुलिस वाहन के पष्चात आरएसी के पचास जवान अपनी मोटरसाईकिलों पर चल रहे थे। इनके पीछे खुली जीप में रंग बिरंगी राजस्थानी पगडी पहने हुए पतंजलि के मुख्य केंद्रीय प्रभारी डॉ. जयदीप आर्य, युवा भारत प्रभारी सचिन जी, योग समिति राज्य प्रभारी कुलभूशण बैराठी, भारत स्वाभिमान राज्य प्रभारी अरविंद पाण्डेय, योग जागरण वाहन रैली के प्रमुख, युवा भारत राज्य प्रभारी संदीप कासनिया जी एवं अन्य पदाधिकारी चल रहे थे। इसके पीछे तीन सौ से अधिक चौपहिया वाहन तथा पांच सौ से अधिक दुपहिया वाहनों में हाथों में झण्डे लिए तथा सिर पर पगडी बांधे पतंजलि के कार्यकर्ता योग प्रचारक, योग षिक्षक, महिला पतंजलि योग समिति की बहनें, हरिद्वार से पधारे हुए संन्यासी, सेवाव्रति चल रहे थे।

**रैली में किया गया योग प्रदर्षन:** योग जागरण वाहन रैली के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए संदीप कासनिया जी ने बताया कि रैली के दौरान चार ट्रेक्टर ट्रॉलियों में पतंजलि के कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन तथा यौगिक करतबों का प्रदर्षन किया जा रहा था। जिन्हें देखकर लोग दांतों तले उंगलियां दबा रहे थे। डीजे के माध्यम से अंतर्राश्ट्रीय योग दिवस का संदेष प्रसारित किया गया। साथ ही देषभक्ति के गीत चल रहे थे। रैली आरएसी परेड ग्रउण्ड से चम्बल गार्डन होते हुए गढ पैलेस, कैथूलीपोल, सुभाश चौक, सब्जीमण्डी, सुंदर धर्मशाला, जयपुर गोल्डन, अग्रसेन चौराहा, स्वामी विवेकानंद चौराहा नयापुरा, अदालत चौराहे से रेलवे स्टेषन होती हुई षहीद स्मारक अंटाघर, एरोड्राम चौराहा, गोबरिया बावडी से होते हुए वापस कॉमर्स कॉलेज, केषवपुरा चौराहा, तीन बत्ती चौराहा होते हुए पूर्ण होकर आरएसी परेड ग्रउण्ड पहुंची।

**स्वतंत्रता सैनानियों का किया स्मरण:** वाहन रैली के दौरान मार्ग में स्थित स्वतंत्रता सैनानियों एवं महापुरूशों के स्मारकों पर वाहन रैली के कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर अपने महापुरूशों का स्मरण किया गया।

**विभिन्न संगठनों ने किया स्वागत:** रैली का विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा स्थान-स्थान पर भव्य तोरण द्वार बनाकर स्वागत किया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं पर पुश्पों की वर्षा की गई तथा विभिन्न स्थानों पर शरबत की छबीलें लगाकर कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया गया। योग जागरण वाहन रैली में सामाजिक संदेश देने वाली अनेकों झांकियां षामिल रही। इस अवसर पर जगह-जगह योग कार्यकर्ताओं द्वारा पत्रक बांटकर लोगों को अंतर्राश्ट्रीय योग दिवस में षामिल होने का आवाहन किया गया।

**पतंजलि देगा बीस हजार से अधिक युवाओं को रोजगार:** आने वाले दिनों में पतंजलि आयुर्वेद द्वारा बीस हजार युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए पतंजलि के मुख्य केंद्रीय प्रभारी डॉ. जयदीप आर्य ने सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि पतंजलि के द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए 23 से 27 जून तक युवा स्वाबलम्बन षिविरों के द्वारा सलेक्षन एवं ट्रेनिंग हेतू षिविरों का आयोजन किया जा रहा है। चयनित युवाओं को षत-प्रतिषत प्लेसमेंट दिया जाएगा। बेरोजगारी को खत्म करने का यह पतंजलि का अभियान है। पतंजलि डेढ लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान कर रहा है साथ ही दस लाख से अधिक किसानों से जुडा हुआ है।

**आरटीयू में किया गया योग प्रोटोकॉल प्रषिक्षण षिविर आयोजित:** योग दिवस के अवसर पर चल रहे योग प्रषिक्षण षिविरों के क्रम में राजस्थान तकनीकी विष्व विद्यालय कोटा में योग प्रोटाकॉल प्रषिक्षण षिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला प्रभारी प्रदीप षर्मा, महिला जिला प्रभारी मिथिलेष गौड तथा उर्मिला व्यास ने उपस्थित लोगों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। इस षिविर में तकनीकी विष्व विद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निराश्रित बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

## उपहार पाकर बच्चे हुए खुश



**कोटा।** रंगबाड़ी स्थित मधुस्मृति संस्थान के निराश्रित बच्चों के मध्य जाकर डी.ए.वी. कोटा के धर्मशिक्षक शोभाराम आर्य ने अपनी पत्नी व पुत्र के साथ अपना 49वाँ जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम का षुभारंभ संस्थान के बच्चों के द्वारा गायत्री मंत्र के सस्वर गायन एवं भजन से हुआ। इस अवसर पर शोभाराम आर्य ने संस्थान के बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में कभी निराष मत होना, कभी अपने आप को हीन मत समझना क्योंकि समाज में ऐसे अनेक लोग है जो आपके जीवन के स्तर को उठाने के विशय में लगातार सोचते रहते है। इस अवसर पर आर्यसमाज जिला सभा कोटा के प्रधान अर्जुनदेव चड्ढा एवं आर.सी. आर्य ने शोभाराम आर्य को जन्मदिन पर शुभकामनाऐं दी साथ ही यह विश्वास भी व्यक्त किया कि ईश्वर करे कि आपकी समाजोपयोगी कार्यों के प्रति रुचि इसी प्रकार न केवल बनी रहे बल्कि इससे भी उच्च स्थिति को प्राप्त करे। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के सभी बच्चों को उपहार दिए गए तथा अन्य अध्यापकों कर्मियों अथितियों के साथ सभी ने जलपान किया। संस्थान की डा. अंजलि निर्भीक ने आर्य समाज एवं अन्य सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शिक्षा नगरी बनने लगी योग नगरी-

## पार्कों में योग के लिए उमड़ रहे हैं लोग

**कोटा।** जैसे-जैसे अंतर्राश्ट्रीय योग दिवस की तिथि नजदीक आती जा रही है, षहर में योग की गतिविधियां बढने लगी हैं। कोटा में चल रही योग की गतिविधियों ने कोटा को कोचिंग नगरी के साथ-साथ योग नगरी भी बना दिया है। विष्व योग दिवस कार्यक्रम के लिए कोटा षहर एवं ग्रामीण के लोगों का जबर्दस्त उत्साह देखते ही बन रहा है। विष्व योग दिवस का अंग बनने के लिए मानों समूचा षहर पार्कों में योग के लिए उमडने लगा है। इस अवसर पर जिला प्रभारी प्रदीप षर्मा ने बताया कि चतुर्थ अंतर्राश्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पतंजलि योग समिति कोटा द्वारा षहर के 60 से भी अधिक पार्कों में योग कक्षाएं संचालित है। जिसमें प्रषिक्षित योग षिक्षक एवं प्रचारक आसन, प्राणायाम, ध्यान, मुद्रा, योगिंग-जोगिंग तथा योग की सूक्ष्म क्रियाओं का क्रियात्मक अभ्यास करवा रहे हैं। साथ ही आयुर्वेद, एक्युप्रेषर के माध्यम से विभिन्न रोगों के उपचार की जानकारी भी दी जा रही है। कोटा के दादाबाडी स्थित सदभावना पार्क, गणेष उद्यान, सीबी गार्डन, चम्बल गार्डन, भीतरिया कुण्ड, श्रीनाथपुरम् स्टेडियम, दीन दयान उपाध्याय पार्क, सुभाश नगर, तात्या टोपे पार्क, बसंत विहार, मेजर ध्यान चंद स्टेडियम, त्रिवेणी आवास उद्यान, बजरंग नगर, आर्य समाज विज्ञान नगर पार्क सहित कोटा में विभिन्न कॉलोनियों के सभी प्रमुख पार्कों में तीन-तीन दिवसीय योग षिविरों का संचालन किया जा रहा है।

**चारचौमा मेले में दी अंतर्राश्ट्रीय योग दिवस की जानकारी**

भारत स्वाभिमान प्रभारी विवेक गर्ग के दिषा निर्देष में कोटा के प्रसिद्ध षिव मंदिर चारचौमा में पतंजलि योगपीठ के कार्यकर्ताओं एवं प्रचारकों द्वारा मेले में आये हुए दर्षनार्थियों को अंतर्राश्ट्रीय योग दिवस संबंधी जानकारी दी गई एवं रजिस्ट्रेषन किया गया।

**प्रभारों का किया आवंटन**

मुख्य केंद्रीय प्रभारी जयदीप आर्य द्वारा स्वयंसेवकों को अंतर्राश्ट्रीय योग दिवस के लिए आरएसी परेड ग्राउण्ड से संबंधित विभिन्न प्रभारों का आवंटन किया गया। डॉ. जयदीप आर्य द्वारा विष्व रिकॉर्ड संपर्क अभियान अनुषासन एवं बैठक व्यवस्था, जल व्यवस्था, सोषल मीडिया संबंधी आवष्यक प्रभार स्वयं सेवकों को कमेटी बनाकर आवंटित किए गए।

**विभिन्न संस्थानों में लग रहे हैं योग शिविर**

विष्व योग दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व तैयारियों हेतू राज्य सरकार के विभिन्न संस्थानों एवं गैर सरकारी संस्थाओं में योग षिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आयुर्वेद विभाग द्वारा सकतपुरा तथा किषनपुरा तकिया में योग षिविर का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही वाईब्रेंट कोचिंग में छात्रों के लिए कोओर्डिनेटर डॉ. मेघना षेखावत एवं पतंजलि योग पीठ के द्वारा प्रषिक्षण षिविर प्रारंभ किया गया है।

**गांव भी नहीं हैं पीछे**

केवल षहर ही नहीं बल्कि कोटा के गांव भी इस योग क्रांति से अछूते नहीं हैं। पतंजलि के भारत स्वाभिमान प्रभारी विवेक गर्ग ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पतंजलि ग्राम समिति के माध्यम से मंदिरों में, बगीचों में, स्कूल के मैदानों में लोगों को विगत एक माह के भी अधिक समय से योग सिखलाया जा रहा है साथ ही योग जागरण रैली, आरोग्य सभा, भजन संध्या तथा यज्ञ, हवन में लोग उपस्थित होकर अंतर्राश्ट्रीय विष्व योग दिवस के लिए रजिस्टेश्रन करा रहे हैं।

**हो रहा है वार्ड सभाओं का आयोजन**

इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के षहर प्रभारी रंजनकांत ने बताया कि षहर के सभी वार्डों में वार्ड सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य केंद्रीय प्रभारी डॉ. जयदीप आर्य स्वयं उपस्थित होकर लोगों से विष्व योग दिवस कार्यक्रम में षामिल होने के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा कर रहे हैं, साथ ही अपने प्रेरणादायी उद्बोधन से कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन कर रहे हैं।

आर्य समाज प्रतिनिधि मण्डल ने की जिला कलेक्टर कोटा से शिष्टाचार भेंट

# कोटा में आत्मा ले जाने के नाम पर पाखण्ड पर रोक लगे-आर्य समाज

## आर्य समाज ने जिला कलेक्टर को किया सत्यार्थ प्रकाश भेंट

**कोटा।** आर्य समाज जिला सभा कोटा के प्रतिनिधियों ने कोटा के नये जिला कलेक्टर गौरव गोयल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्हें आर्य समाज द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

आर्य समाज के जिला प्रधान अर्जुनदेव चड्ढा के नेतृत्व में वैदिक विद्वान आचार्य अग्निमित्र शास्त्री, डीएवी की प्राचार्य श्रीमती सरिता रंजन गौतम, पं. रामदेव षर्मा, डीएवी के धर्म षिक्षक षोभाराम आर्य, महावीर नगर के प्रधान आर.सी. आर्य, मंत्री राधावल्लभ राठौर, आर्य समाज तलवण्डी के पूर्व मंत्री लालचंद आर्य, वेदमित्र वैदिक, किषन आर्य, आर्य समाज रामपुरा के एडवोकेट चंद्रमोहन कुषवाह, आर्य समाज खेडा रसुलपुर के प्रधान रामनारायण कुषवाह, मंत्री बंषीलाल रेनवाल, राज्य कर्मचारी नेता हंसा त्यागी ने कलेक्टर परिसर में उनके कार्यालय जाकर मुलाकात की।

इस अवसर पर आर्य समाज के प्रतिनिधियों ने वेद मंत्रोच्चार पूर्वक केसरिया पटका पहनाकर कलेक्टर



महोदय का अभिनन्दन किया साथ ही गायत्री मंत्र लिखित स्मृति चिन्ह भेंट किया। डीएवी स्कूल की प्राचार्या सरिता रंजन गौतम ने फूलों का गुलस्ता भेंट कर स्वागत किया।

शिष्टाचार भेंट के इस अवसर पर आर्य समाज के जिला प्रधान अर्जुनदेव चड्ढा ने जिला कलेक्टर महोदय को महर्शि दयानन्द सरस्वती द्वारा लिखित अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाष भेंट किया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र के निर्माण में आर्य समाज जो कार्य कर रहा है वो सराहनीय है। अजमेर मे रहते हुए ऋशि उद्यान के माध्यम से आर्य समाज के बारे में विस्तारं पूर्वक जानने का अवसर मिला। आर्य समाज के सिद्धांत सभी के लिए ग्राह्य है।

शिष्टाचार भेंट के इस अवसर पर जिला सभा के प्रधान अर्जुनदेव चड्ढा ने बताया कि समाज में व्याप्त अंधविष्वास - एवं पाखण्ड को खत्म करने के लिए कोटा की आर्य समाज अनेक कार्य कर रही है।

चड्ढा ने जिला कलेक्टर महोदय को बताया कि कोटा में एमबीएस, जे.के. लॉन हॉस्पिटल एवं न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में बूंदी क्षेत्र एवं भीलवाडा क्षेत्र के कुछ लोग यहां आत्मा लेने आते हैं और पूरा नाटक करके नारियल, अगरबत्ती, फूल चढाकर आत्मा को बोतल में बंद कर लेने का पाखण्ड कर अंधविष्वास फैलाते हैं। इस पर रोक लगनी चाहिए।

कलेक्टर गोरव गोयल ने आर्य प्रतिनिधियों को कहा कि आप हमें लिखकर दें, मैं इस प्रकार के पाखण्ड को रोकने के आदेष जारी कर दूंगा।

# आर्य समाज विज्ञान नगर के दैनिक यज्ञ में शामिल हुए डॉ. जयदीप आर्य

## जीवन में शांति की बहती रहे रसधारा-मुख्य केंद्रीय प्रभारी पतंजलि

**कोटा।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से पधारे हुए मुख्य केंद्रीय प्रभारी डॉ. जयदीप आर्य कोटा के आर्य समाज



विज्ञान नगर के दैनिक यज्ञ में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होनें पुरोहित मनोहर लाल शर्मा के ब्रह्मत्व में वेद मंत्रों के साथ आहुतियां प्रदान कर विश्व षांति एवं समृद्धि की कामना की।

यज्ञ के उपरांत अपने आध्यात्मिक उद्बोधन में उन्होनें शांति पाठ के मंत्र की व्याख्या करते हुए कहा कि परम पिता परमेश्वर द्वारा रचित द्यौलोक में, अंतरिक्ष में पृथ्वी में, जल में, औषधियों में, वनस्पतियों में जो शांति व्याप्त है। हे परमेश्वर उस वन-उपवन में मौजूद शांति की हमारे जीवन में भी प्राप्ति होवे। जीवन में शांति की रसधारा बहती रहे, आनंद के स्रोत प्रकट होते रहें।

इस अवसर पर उन्होनें कहा कि योग के माध्यम से जीवन में शांति पाई जा सकती है, क्योंकि शांति का मूल हमारे भीतर है जो परमपिता परमेश्वर है। योग हमें उस ईश्वर से जोडने का कार्य करता है। इस अवसर पर आर्य समाज के जिला प्रधान अर्जुनदेव चड्ढा, आचार्य चंदन जी, जे.एस. दूबे, अरविंद पाण्डेय, दिनेश शर्मा, श्रीमति अनिता आर्य, गायत्री दूबे एवं प्रदीप शर्मा उपस्थित रहे।

# ट्रेफिक पुलिसकर्मियों को आर्य समाज ने भेंट किए पानी के छागल

**कोटा।** तपती दोपहर में लू के थपेडों को झेलते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करने वाले ट्रेफिक पुलिसकर्मियों के हौंसले को सलाम करते हुए आर्य समाज



कोटा द्वारा शहर में विभिन्न चौराहों पर पानी के छागल भेंट किए गए।

आर्य समाज के जिला प्रधान अर्जुनदेव चड्ढा के नेतृत्व में आर्य समाज के वैदिक विद्वान आचार्य अग्निमित्र षास्त्री, डीएवी प्राचार्या सरिता रंजन गौतम, धर्म षिक्षक षोभाराम आर्य, आर.सी. आर्य, राधावल्लभ राठौर, लालचंद आर्य, वेदमित्र वैदिक, किषन आर्य तथा राजीव आर्य आदि उपस्थित रहे ने षहर के व्यस्ततम एयरोड्राम सर्किल, कोटडी, गोवर्धनपुरा चौराहा एवं अंटाघर चौराहों पर जाकर यातायात संभाल रहे पुलिसकर्मियों के धैर्य की सराहना करते हुए ठण्डे पानी के छागल भेंट किए।

इस अवसर पर आर्य समाज जिलासभा के प्रधान अर्जुनदेव चड्ढा ने कहा कि देश की सेवा तथा सुरक्षा में लगे पुलिस जवानों की कर्तव्यनिश्ठा सभी के लिए प्रेरणादायी है। आर्य समाज ऐसे लोगो के लिए कार्य कर स्वयं के राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों को सदा निभाता है।

**पीले चावल देकर कर रहे हैं योग शिविर के लिए आमंत्रित**

## घर-घर दस्तक दे संपर्क कर रही हैं महिला योग शिक्षिकाएं

**कोटा।** 21 जून को कोटा में मनाए जा रहे चतुर्थ अंतर्राश्ट्रीय योग दिवस के लिए अधिकाधिक लोगों को जोडने के लिए पतंजलि महिला योग समिति की प्रचारिका बहनें योग षिक्षिकाएं एवं कार्यकर्ता बहनें पीले चावल दे देकर षहर के लोगों को आमंत्रित कर रही हैं।

समिति की सहराज्य प्रभारी सुषीला कुर्मी ने बताया कि राज्य प्रभारी विजयलक्ष्मी चतुर्वेदी के नेतृत्व में गठित महिला प्रचारिकाओं के विषेश दल घर-घर जाकर दरवाजों पर दस्तक देकर पूज्य स्वामी रामदेव जी के 19 जून से 21 जून तक आयोजित नि:षुल्क ध्यान योग एवं चिकित्सा षिविर के लिए रजिस्ट्रेषन करने का कार्य कर रही हैं। जिला प्रभारी मिथिलेष गौड ने बताया कि समिति की छाया गोयल, अर्चना नंदवाना, निर्मला वर्मा, उर्मिला व्यास, इंदु षर्मा तथा षषि परियानी के नेतृत्व में महिला बहनें कोटा के दादाबाडी, बसंत विहार, तलवण्डी, विज्ञान नगर, महावीर नगर, श्रीनाथपुरम आर.के. पुरम, रंगबाडी, बजरंग नगर, आंकाषवाणी, पूनम कॉलोनी, गायत्री विहार आदि कॉलोनियों में घर-घर जाकर संपर्क करने का कार्य कर रही हैं। यह कार्य स्वामी जी के षिविर तक अनवरत जारी रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं सम्पादक अर्जुन देव चड्ढा द्वारा मुद्रक मनोहर पारीक द्वारा जनधारणा प्रिंटर्स, 70 समाचार पत्र परिसर, महावीर नगर प्रथम, कोटा से मुद्रित एवं 'आर्यभवन' 4-प-28, विज्ञाननगर, कोटा-324005 से प्रकाशित। फोन: 0744-2422428। प्रबन्ध सम्पादक राकेश चड्ढा।